| प्रश्न–पुस्तिका संख्या | प्रश्न–पुस्तिका में 32 पृष्ठ हैं | | **PAPER-16** प्रश्न पुस्तिका | प्रश्न–पुस्तिका सीरीज़ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | **A** |

जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न पुस्तिका को नहीं खोलें।

| समय : दो घण्टे | **अनुदेश** | पूर्णांक : 150 |
|---|---|---|

रोल नम्बर

1. कृपया अपने रोल नम्बर ओ.एम.आर. पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पुस्तिका हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की भलीभाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि :
   - प्रश्न–पुस्तिका संख्या एवं **OMR Answer Sheet No.** एक समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की सीरीज समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 150 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार मौजूद हैं।
3. किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
4. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
5. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सही लगे।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये ओ.एम.आर. पर ही अंकित करने हैं।
7. ओ.एम.आर. को भरने हेतु निर्देश ओ.एम.आर. के पृष्ठ भाग पर अंकित हैं, जिन्हें ओ.एम.आर. को भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लें।
8. इस प्रश्न–पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते हैं।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की **ORIGINAL COPY** एवं **DEPARTMENT COPY** को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।
11. परीक्षा समाप्त होने पर केवल ओ.एम.आर. (**OMR**) की **CANDIDATE'S COPY** को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था :
    - (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएेगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    - (ii) यदि परीक्षार्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो उसे गलत मानते हुए ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    - (iii) यदि परीक्षार्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।

**चेतावनी** – अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस परीक्षार्थी अभ्यर्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग उसे अपनी समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।

यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न–पुस्तिका सीलबंद है।

अभ्यर्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) ..............................................................

अनुक्रमांक अंकों में ..............................................................

शब्दों में ..............................................................

परीक्षा केन्द्र का नाम : ..............................................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .................................................................. अभिजागर के हस्ताक्षर : ...................................

GRAWAL
MCART BL

Q1 ‘वैज्ञानिक’ जिस प्रकार ‘प्रयोगशाला’ से संबंधित है उसी प्रकार ‘मैकेनिक’ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) सड़क

(B) गैराज

(C) निहाई

(D) गैलरी

Q2 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।

RTE : NWC :: EUR : ?

(A) BYP

(B) YXQ

(C) ART

(D) AXP

Q3 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से तथा छठा पद पाँचवें पद से संबंधित है।

15 : 27 :: 100 : ? :: 45 : 81


(A) 112


(B) 180


(C) 36


(D) 1


Q4 उस आकृति का चयन करें जो तीसरी आकृति से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी आकृति पहली आकृति से संबंधित है।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q5 एक निश्चित कूट भाषा में, यदि I को P, P को A, A को O, O को N, N को C, C को T और T को I के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में CAPTION को किस रूप में लिखा जाएगा?

(A) ATOINPC

(B) TOIAACN

(C) CTOAIPN

(D) TOAIPNC

Q6 एक निश्चित कूट भाषा में LAME को 3145 के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में PEON को किस रूप में लिखा जाएगा

(A) 6567

(B) 5678

(C) 7567

(D) 7565

Q7 एक निश्चित कूट भाषा में 'CADET' को 7-22-23-26-24 के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MASON' को किस रूप में लिखा जाएगा?

(A) 13-12-8-26-14

(B) 13-26-8-12-14

(C) 14-26-8-12-13

(D) 14-26-9-11-13

Q8 एक निश्चित कूट भाषा में, 'DESIGN' को 'EDTJNG' के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'TAILOR' को किस रूप में लिखा जाएगा?

(A) UZJMPS

(B) ATJMRO

(C) ATMJRO

(D) UZJMRO

Q9 तस्वीर में एक महिला की ओर इशारा करते हुए शुचि ने आस्था को बताया, "उसके पिता तुम्हारी माँ के इकलौते पुत्र हैं।" तस्वीर में दिख रही महिला से आस्था का क्या संबंध है?

(A) बेटी

(B) भतीजी

(C) बुआ

(D) बहन

Q10 यदि उत्तर, उत्तर-पूर्व बन जाता है, तो दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम बन जाता है और इसी तरह दूसरी दिशाएँ बनती हैं। तो उत्तर-पश्चिम क्या बनेगा?

(A) पश्चिम

(B) पूर्व

(C) उत्तर

(D) दक्षिण

Q11 तीन कथन दिए गए हैं और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको इन कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

1. सभी गाजर कटहल हैं।
2. कोई अंजीर कटहल नहीं है।
3. कुछ तरबूज अंजीर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ तरबूज गाजर हैं।

II. कुछ तरबूज कटहल हैं।

III. कोई अंजीर गाजर नहीं है।

(A) केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(B) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।

(C) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

(D) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

Q12 तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष संख्याएँ I, II और III दी गई हैं। आपको इन कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निर्णय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

1. सभी पेपर डेस्क हैं।
2. कोई डेस्क पतंग नहीं है।
3. सभी फाइलें पतंगें हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ पतंगें पेपर हैं।

II. कोई पतंग पेपर नहीं है।

III. कोई पेपर फाइल नहीं है।

(A) केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(B) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।

(C) केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं।

(D) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

Q13 कला वर्ग में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति आवंटन हेतु एक प्रतिष्ठित स्कूल को मेधावी छात्रों का चयन करना है, जो निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते हों:

उम्मीदवार में निम्नलिखित पात्रता होनी चाहिए-

(I) उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किए हों।

(II) कला संस्थान की चयन परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।

(III) 31.03.2022 को आयु 18 वर्ष से कम और 20 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

एक उम्मीदवार के मामले में जो उपरोक्त सभी मानदंडों को पूरा करता है सिवाय:

- उल्लिखित (i), लेकिन किसी भी अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता है तो मामला स्कूल के निदेशक मंडल को भेजा जा सकता है।
- उल्लिखित (iii), लेकिन 'आर्थिक कमजोर (EW)' श्रेणी से है, तो आयु में दो साल की छूट है।

उपरोक्त मानदंडों और शर्तों के आधार पर, विश्लेषण करें और निर्णय करें कि निम्नलिखित में से कौन सा निर्णय उस उम्मीदवार के लिए लिया जाना चाहिए जिसका विवरण नीचे दिया गया है। कृपया ध्यान दें कि आपको दी गई जानकारी के अलावा कुछ भी कल्पना नहीं करना है।

10 अगस्त 2002 को जन्मीं फातिमा खान ने उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में 45% अंक हासिल किए हैं। उसने चयन परीक्षा में 60% अंक प्राप्त किए और अंतर-विद्यालय प्रतियोगिताओं में दो बार स्वर्ण पदक जीता है।

(A) उम्मीदवार का चयन किया जाना चाहिए।

(B) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना चाहिए।

(C) मामला स्कूल के निदेशक मंडल को भेजा जाना चाहिए।

(D) मामले में आयु में दो साल की छूट दी जानी चाहिए।

Q14 एक कथन के बाद दो पूर्वधारणाएं I और II के रूप में संख्यांकित हैं। कथन को सही मानते हुए निर्णय लें कि दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन सी कथन में अंतर्निहित हैं।

कथन:

"XYZ वॉशिंग मशीन का निष्पादन, अत्यधिक विज्ञापित ABC वॉशिंग मशीन की तुलना में भारतीय परिस्थितियों के लिए काफी बेहतर है।"

पूर्वधारणाएं

I. ABC वाशिंग मशीन विज्ञापन पर अधिक खर्च करती है क्योंकि उनका उत्पाद अच्छा नहीं है।

II. ABC वॉशिंग मशीन विदेशी ब्रांड है।

(A) केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है।

(B) केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(C) न तो पूर्वधारणा I और न ही II अंतर्निहित हैं।

(D) I और II दोनों पूर्वधारणाएं अंतर्निहित हैं।

Q15 एक प्रश्नवाचक कथन के बाद दो तर्क I और II के रूप में संख्यांकित हैं। निर्णय करें कि निम्नलिखित तर्क में से कौन से तर्क कथन के संबंध में 'सशक्त' हैं।

कथन:

क्या पेड़ों की कटाई को पूर्ण रूप से अवैध कर दिया जाना चाहिए?

तर्क:

I. हाँ, किसी कानून के अभाव में लोग अंधाधुंध पेड़ काट रहे हैं।

II. नहीं, पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक नहीं है क्योंकि कई स्थितियों में पेड़ों को काटना पड़ता है जैसे कि जब वह सड़क के बीच में हो।

(A) केवल तर्क I सशक्त है

(B) केवल तर्क II सशक्त है

(C) I और II दोनों सशक्त हैं

(D) न तो I और न ही II सशक्त है

Q16 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक भिन्न है। उस भिन्न अक्षर-समूह का चयन करें।

(A) DEGI

(B) MOQS

(C) FHJL

(D) RTVX

Q17 निम्नलिखित चार शब्द-युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और एक भिन्न है। उस भिन्न शब्द-युग्म का चयन करें।

(A) आदमी - स्तनपायी

(B) कमीज - वस्त्र

(C) कुर्सी - फर्नीचर

(D) काँटा - छुरी

Q18 चार शब्द-युग्म दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी न किसी रूप में समान हैं और एक भिन्न है। उस भिन्न शब्द-युग्म का चयन करें।

(A) मधुमक्खी : छत्ता

(B) चूहा : बिल

(C) हवेली : महल

(D) चिड़िया : घोंसला

Q19 चार अक्षर समूह-युग्म दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी न किसी रूप में समान हैं और एक भिन्न है। उस भिन्न अक्षर समूह-युग्म का चयन करें।

(A) TIME : VNRG

(B) MONK : NLMP

(C) LORD : WILO

(D) WORK : PILD

Q20 उस अक्षर का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

K, L, N, ?, U, Z

(A) P
(B) O
(C) L
(D) Q

Q21 उस पद का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

PQE, QSF, SUI, TWN, ?

(A) VXV
(B) VYU
(C) WYU
(D) WXT

Q22 उस पद का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

P74K, U69F, R62I, W53D, ?

(A) S42G
(B) T50A
(C) T42G
(D) Z45B

Q23 उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

6, 20, 42, 72, ?, 156

(A) 102
(B) 100
(C) 112
(D) 110

Q24 दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए निम्नलिखित में से किन दो चिह्नों को परस्पर बदलने की आवश्यकता है?

20 - 4 X 3 ÷ 8 + 2 = 12

(A) ÷ और X

(B) + और –

(C) + और ÷

(D) X और +

Q25 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ X है, X का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित व्यंजक का मान कितना होगा?

10 - 2 + 16 X 4 ÷ 3 = ?

(A) 12
(B) 19
(C) 2
(D) 15

Q26 विकल्पों में दिए गए गणितीय चिह्नों के किस अनुक्रम को निम्न व्यंजक में * चिह्नों के स्थान पर क्रमिक रूप से रखने से दिया गया समीकरण संतुलित हो जाएगा?

(8 * 4) * 3 * 5 * 4


(A) ÷ - + =

(B) - ÷ + =


(C) + ÷ X =

(D) X + ÷ =

Q27 एक आवासीय सोसाइटी में, कुछ निवासी केवल योग करते हैं, कुछ निवासी केवल टहलते हैं, कुछ निवासी योग करते हैं और टहलते भी हैं। इनके अलावा, अन्य निवासी भी हैं जो व्यायामशाला जाते हैं। व्यायामशाला जाने वाले कुछ निवासी योग करते हैं या टहलते हैं। निम्नलिखित में से कौन सा वेन आरेख इस स्थिति को सही ढंग से दर्शाता है?


(A) 

(B) 

(C) 


(D) 

Q28 दिए गए वेन आरेख में, कौन सी संख्या सभी ज्यामितीय आकृतियों में हैं?




(A) 3
(B) 5
(C) 7
(D) 15

Q29 यदि दी गई आकृति को मोड़कर एक घन बनाया जाए, तो कौन सा चिह्न '○' के विपरीत पृष्ठ पर आएगा?




(A) *

(B) ☆

(C) ●

(D) +

Q30 दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(A) 15

(B) 17

(C) 19

(D) 21

Q31 GUI में 'G' का पूर्ण रूप क्या है?

(A) GRAPHICAL (ग्राफिकल)

(B) GRAPH (ग्राफ)

(C) GLOBAL (ग्लोबल)

(D) GRAPHICS (ग्राफ़िक्स)

Q32 विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में टास्क मैनेजर खोलने के लिए निम्न में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) CTRL+SHIFT+ESC

(B) Windows logo key + C

(C) Windows logo key + A

(D) Windows logo key + T

Q33 निम्नलिखित कथनों में से सही/गलत की पहचान करें।

A. Windows 10 में, Windows logo key + L आपके पीसी को लॉक करने का कीबोर्ड शॉर्टकट है।

B. विंडोज में, कॉपी करने के लिए की-बोर्ड शॉर्टकट Ctrl + C है।

C. विंडोज का 'स्टार्ट' बटन टाइटल बार में मिलता है।

(A) A-सही, B-सही, C- गलत

(B) A-गलत, B-सही, C- गलत

(C) A-सही, B-गलत, C- गलत

(D) A-सही, B-सही, C- सही

Q34 विंडोज़ में, कौन-सा क्षेत्र सभी पिन किए गए प्रोग्राम प्रदर्शित करता है?

(A) टाइटल बार

(B) टास्क पैन

(C) टास्क बार

(D) एड्रेस बार

Q35 'WWW' में, दूसरे 'W' का पूर्ण रूप क्या है?

(A) WIRELESS (वायरलेस)
(B) WIDE (वाइड)
(C) WEBSITE (वेबसाइट)
(D) WEB (वेब)

Q36 निम्नलिखित में से कौन सा प्रतीक ई-मेल पते (एड्रेस) में अनिवार्य है?

(A) @
(B) _ (अंडरस्कोर)
(C) - (डैश)
(D) !

Q37 निम्न में से कौन सा की-बोर्ड शॉर्टकट गूगल क्रोम में बुकमार्क बार को दिखाने या छिपाने के लिए उपयोग किया जा सकता है?

(A) CTRL + SHIFT + B
(B) CTRL + H
(C) CTRL + J
(D) SHIFT + ALT + T

Q38 गूगल क्रोम में डाउनलोड पेज को नए टैब में खोलने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा की-बोर्ड शॉर्टकट इस्तेमाल किया जा सकता है?

(A) CTRL + J
(B) CTRL + G
(C) CTRL + SHIFT + J या F12
(D) F6

Q39 'URL' में, 'L' का पूर्ण रूप क्या है?

(A) LOCATOR (लोकेटर)
(B) LOCATION (लोकेशन)
(C) LOCK (लॉक)
(D) LABEL (लेबल)

Q40 EEPROM में, पहले 'E' का पूर्ण रूप क्या है?

(A) ELECTRICALLY (इलेक्ट्रिकली)
(B) ELECTRIC (इलेक्ट्रिक)
(C) ERASING (इरेज़िंग)
(D) Electronically (इलेक्ट्रॉनिकली)

Q41 मेमोरी मापन की निम्नलिखित इकाइयों को व्यवस्थित करें (बड़े आकार से छोटे आकार के क्रम में)।

A) किलोबाइट,

B) गीगाबाइट,

C) ज़ेटाबाइट,

D) योटाबाइट

(A) D, C, B, A
(B) D, C, A, B
(C) C, D, B, A
(D) D, B, C, A

Q42 सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट के भाग निम्नलिखित में से कौन से हैं?

(A) A) कंट्रोल यूनिट

B) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट

(B) A) इनपुट यूनिट

B) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट

(C) A) कंट्रोल यूनिट

B) आउटपुट यूनिट

(D) A) सेकेंडरी स्टोरेज यूनिट

B) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट

Q43 सही मिलान करें।

| यूनिट्स | डिवाइस /पार्ट्स |
|---|---|
| a) इनपुट यूनिट | i) अरिथमैटिक लॉजिक यूनिट और कंट्रोल यूनिट |
| b) आउटपुट यूनिट | ii) स्कैनर |
| c) प्रोसेसिंग यूनिट | iii) डेज़ी व्हील प्रिंटर |

(A) A-II, B-III, C-I

(B) A-I, B-III, C-II

(C) A-II, B-I, C-III

(D) A-III, B-I, C-II

Q44 निम्नलिखित में से कौन सी यूनिट अंत्य प्रयोक्ता (end users) को डेटा प्रस्तुत करती है?

(A) इनपुट यूनिट

(B) आउटपुट यूनिट

(C) प्रोसेसिंग यूनिट

(D) स्टोरेज यूनिट

Q45 निम्नलिखित में से कौन सा इनपुट डिवाइस आमतौर पर कंप्यूटर गेम में उपयोग किया जाता है?

(A) लाइट पेन

(B) जॉयस्टिक

(C) की–बोर्ड

(D) टच स्क्रीन

Q46 निम्न में से कौन सा, माउस का एक प्रकार नहीं है?

(A) मैकेनिकल माउस

(B) ऑप्टिकल माउस

(C) लेज़र माउस

(D) हाइब्रिड माउस

Q47 निम्नलिखित कथनों में से सही/गलत की पहचान करें।

A) एक ट्रैकबॉल को नियमित माउस की तुलना में कम हाथ और कलाई की गति की आवश्यकता होती है और इसलिए यूजर के लिए संचालन हेतु वह अक्सर कम तनावपूर्ण होता है।

B) एर्गोनोमिक की–बोर्ड यूजर की कलाई की समस्या से निपटने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो कि आमतौर पर की–बोर्ड पर लगातार दबाव बनाने के कारण विकसित होती है।

C) लाइट पेन को कई ग्राफिक्स सिस्टम के साथ मानक पिक डिवाइस के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

(A) A-सही, B-सही, C-सही

(B) A-गलत, B-सही, C-सही

(C) A-सही, B-गलत, C-सही

(D) A-सही, B-सही, C-गलत

Q48 प्रिंटर की इमेज गुणवत्ता मापने के लिए निम्न में से किस यूनिट का उपयोग किया जाता है?

(A) डॉट्स प्रति इंच (DOTS PER INCH)

(B) डॉट्स प्रति सेंटीमीटर (DOTS PER CENTIMETER)

(C) डॉट्स प्रति मिनट (DOTS PER MINUTE)

(D) लाइन प्रति सेकंड (LINE PER SECOND)

Q49 निम्न में से कौन सा, एक हार्ड कॉपी डिवाइस है?

(A) ड्रम प्रिंटर

(B) मॉनिटर

(C) प्रोजेक्टर

(D) स्पीकर

Q50 सही कॉलम का मिलान करें।

| प्रिंटर | कार्य |
|---|---|
| a) बबल जेट प्रिंटर | i) यह स्याही स्प्रे के लिए पीजोइलेक्ट्रिक क्रिस्टल का उपयोग करता है। |
| b) लेज़र प्रिंटर | ii) यह स्याही तैयार करने के लिए तापन तत्वों का उपयोग करता है। |
| c) इंक-जेट प्रिंटर | iii) यह ड्रम को धनात्मक रूप से चार्ज करने के लिए तप्त तार का उपयोग करता है, जिस पर बाद में एक लेजर पसार की जाती है जो उन क्षेत्रों में चार्ज को उलट देती है जहां यह हिट करती है। |

(A) A-II, B-III, C-I

(B) A-III, B-II, C-I

(C) A-I, B-III, C-II

(D) A-II, B-I, C-III

Q51 निम्नलिखित में से कौन सा ऑपरेटिंग सिस्टम फंक्शन, प्रिंटर, की-बोर्ड, माउस को मैनेज करता है?

(A) मेमोरी मैनेजमेंट

(B) इनपुट /आउटपुट मैनेजमेंट

(C) फ़ाइल एंड डिस्क मैनेजमेंट

(D) प्रोसेस मैनेजमेंट

Q52 निम्नलिखित कथनों में से सही/गलत की पहचान करें।

A) कर्नेल – लिनक्स का एक मुख्य भाग (कोर पार्ट) है। यह ऑपरेटिंग सिस्टम की प्रमुख गतिविधियों के लिए उत्तरदायी है।

B) विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम एक मल्टीटास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम है।

(A) A - सही, B - सही

(B) A - गलत, B - सही

(C) A - सही, B - गलत

(D) A - गलत, B - गलत

Q53 निम्नलिखित में से कौन सा एक ऑपरेटिंग सिस्टम है?

(A) सूसे (SUSE)

(B) टैली (TALLY)

(C) ओरेकल (ORACLE)

(D) एमएस-एक्सेस (MS-ACCESS)

Q54 ऑपरेटिंग सिस्टम का निम्न में से कौन-सा फंक्शन, सेकेंडरी स्टोरेज मीडिया पर फाइलों के लिए स्थान आवंटित करने हेतु उत्तरदायी है?

(A) मेमोरी एलोकेशन
(B) फ़ाइल एंड डिस्क मैनेजमेंट
(C) प्रोसेस मैनेजमेंट
(D) यूजर मैनेजमेंट

Q55 MS-वर्ड में, पैराग्राफ को सेंटर (मध्य में) करने के लिए निम्न में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) CTRL+E
(B) CTRL+J
(C) CTRL+L
(D) CTRL+M

Q56 MS-वर्ड में, पैराग्राफ इंडेंट को हटाने के लिए निम्न में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) CTRL+SHIFT+M
(B) CTRL+T
(C) CTRL+SHIFT+T
(D) CTRL+Q

Q57 MS-वर्ड में, पैराग्राफ को बाईं ओर संरेखित करने के लिए निम्न में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) CTRL+L
(B) CTRL+R
(C) CTRL+2
(D) CTRL+0 (शून्य)

Q58 MS-वर्ड में, डोक्युमेंट में फ़ाइल ऑब्जेक्ट डालने के लिए, ऑब्जेक्ट डायलॉग प्रदर्शित करने हेतु निम्न में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) ALT+N, J, J
(B) CTRL+H
(C) CTRL+SHIFT+V
(D) CTRL+SHIFT+C

Q59 MS-Excel 365 के निम्नलिखित में से किस मेनू में 'फ़िल्टर्स (Filters)' विकल्प मौजूद होते हैं?

(A) इन्सर्ट (INSERT)
(B) फॉर्मूला (FORMULA)
(C) डेटा (DATA)
(D) रिव्यु (REVIEW)

Q60 MS-एक्सेल में क्रिएट टेबल डायलॉग को प्रदर्शित करने के लिए निम्न में से किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) CTRL+T
(B) CTRL+Q
(C) CTRL+SHIFT+G
(D) CTRL+K

Q61 गुप्त काल के दौरान 'मुद्राराक्षस' की रचना ________ के द्वारा की गई थी।

(A) शूद्रक
(B) विशाखदत्त
(C) अश्वघोष
(D) कालिदास

Q62 अंतिम मौर्य शासक का उसके सर्वोच्च सेनापति द्वारा _________ में वध कर दिया गया, जिसने बाद में शुंग राजवंश की स्थापना की।

(A) 125 ईसा पूर्व
(B) 158 ईसा पूर्व
(C) 167 ईसा पूर्व
(D) 185 ईसा पूर्व

Q63 आरंभिक मध्यकालीन भारत में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को जेजाकभुक्ति के नाम से जाना जाता था?

(A) बुंदेलखंड
(B) मगध
(C) बीजापुर
(D) कलिंग

Q64 भारत के एक राजवंश, परमार राजवंश ने 9वीं और 14वीं शताब्दी के मध्य पश्चिम-मध्य भारत में मालवा और आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया था और ________ को अपनी राजधानी बनाया था।

(A) त्रिपुरी
(B) अन्हिलवाड़
(C) धार
(D) जेजाकभुक्ति

Q65 बाहरी लोगों को भूमि हस्तांतरित करने के कारण 1831-32 में निम्नलिखित में से किस जनजाति के लोगों ने अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह कर दिया था?

(A) रामोसी
(B) कोली
(C) कोल
(D) कच्छा नागा

Q66 "द कॉजेस ऑफ द इंडियन रिवोल्ट (THE CAUSES OF THE INDIAN REVOLT)" नामक पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?

(A) वीर विनायक दामोदर सावरकर
(B) मुहम्मद अली जिन्ना
(C) सर सैय्यद अहमद खाँ
(D) मुंशी प्रेमचंद

Q67 निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में मध्यम जलवायु होगी?

(A) भूमध्य रेखा के निकटवर्ती क्षेत्र
(B) समुद्र के निकटवर्ती क्षेत्र
(C) ध्रुवों के निकटवर्ती क्षेत्र
(D) मरूस्थल

Q68 भारत में दूसरा सबसे ऊंचा, मोटर वाहन गुजरने योग्य दर्रा _____ है।

(A) ज़ोजी ला
(B) रोहतांग ला
(C) नाथू ला
(D) चांग ला

Q69 लवणीय मृदा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) इसे ऊसर मृदा के नाम से भी जाना जाता है।

(B) लवणीय मृदा में सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम की अधिक मात्रा होती है और इसलिए यह उपजाऊ होती है और इसमें वनस्पतियों की वृद्धि अच्छी होती है।

(C) मुख्यतः शुष्क जलवायु और खराब जल निकासी के कारण इसमें लवणों की अधिकता हो जाती है।

(D) यह शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में और जलभराव वाले तथा दलदली क्षेत्रों में पाई जाती है।

Q70 महानदी नामक नदी के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(A) महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ की उच्चभूमि से हुआ है।

(B) यह ओडिशा से होकर बंगाल की खाड़ी तक पहुँचती है।

(C) इस नदी की लंबाई लगभग 680 km है।

(D) इसका अपवाह बेसिन महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा तक विस्तृत है।

Q71 डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में ______, 2004 को राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन किया गया था।

(A) 4 जनवरी

(B) 24 अप्रैल

(C) 16 सितंबर

(D) 18 नवंबर

Q72 भारतीय कृषि से संबंधित कुछ क्रांतियाँ नीचे दी गई हैं। उनके संबंधित उत्पादों के साथ उनका मिलान करें जिनके लिए उन्हें क्रियान्वित किया गया था:

| | |
|---|---|
| 1. धूसर क्रांति | A. तिलहन |
| 2. भूरी क्रांति | B. उर्वरक |
| 3. गुलाबी क्रांति | C. चमड़ा |
| 4. पीली क्रांति | D. झींगा |

(A) 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

(B) 1-B, 2-C, 3-D, 4-A

(C) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

(D) 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

Q73 इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी (IISCO) ने _______ में अपना पहला कारखाना और बाद में कुल्टी में एक अन्य कारखाना स्थापित किया।

(A) बर्नपुर

(B) दुर्गापुर

(C) हाजीपुर

(D) हीरापुर

Q74 भारत के विभिन्न लोहा और इस्पात संयंत्रों की सूची नीचे दी गई है। उनका उनके संबंधित जिलों से मिलान करें जिनमें वे स्थित हैं:

लोहा और इस्पात संयंत्र

1. भिलाई आयरन एंड स्टील प्लांट
2. राउरकेला आयरन एंड स्टील प्लांट
3. इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी
4. जिंदल विजयनगर स्टील प्लांट

जिले

A. बर्दवान
B. बेल्लारी
C. दुर्ग
D. सुंदरगढ़

(A) 1- C, 2-D, 3-A, 4-B
(B) 1-D, 2-B, 3-A, 4-C
(C) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C
(D) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A

Q75 2011 की जनगणना के अनुसार, महाराष्ट्र का निम्नलिखित में से कौन सा जिला, भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला जिला है?

(A) मुंबई नगर
(B) ठाणे
(C) पुणे
(D) सांगली

Q76 2011 की जनगणना के अनुसार, त्रिपुरा की साक्षरता दर निम्नलिखित में से कितनी थी?

(A) 94%
(B) 91.33%
(C) 88.70%
(D) 87.22%

Q77 भारत में जैन अनुयायियों का प्रतिशत कितना है?

(A) 0.37%
(B) 0.70%
(C) 0.66%
(D) 0.24%

Q78 गोवा में __________ अयस्कों के निक्षेप पाए जाते हैं।

(A) ताम्र
(B) स्वर्ण
(C) लौह
(D) अभ्रक

Q79 नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (NALCO) की खानें और शोधनशाला ____ में स्थित हैं।

(A) अंगुल
(B) कोरापुट
(C) कोरबा
(D) रेणुकूट

Q80 निम्नलिखित में से किसका उपयोग रक्तचाप के उपचार के लिए किया जाता है और यह केवल भारत में पाया जाता है?

(A) अश्वगंधा
(B) बबूल
(C) तुलसी
(D) सर्पगंधा

Q81 भारत में कुछ जैवमंडल आरक्षित क्षेत्रों की सूची नीचे दी गई है। उनमें पाए जाने वाले उनके संबंधित मुख्य वन्य जीवों के साथ उनका मिलान करें:

जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र

1. सुंदरबन
2. मन्नार की खाड़ी
3. शीत मरुस्थल
4. कच्छ

मुख्य वन्य जीव

A. हिम तेंदुआ
B. समुद्री गाय
C. रॉयल बंगाल टाइगर
D. भारतीय जंगली गधा

(A) 1-D, 2-C, 3-B, 4-D
(B) 1-C, 2-B, 3-A, 4-D
(C) 1-A, 2-D, 3-B, 4-C
(D) 1-D, 2-A, 3-C, 4-B

Q82 निम्नलिखित में से किसके द्वारा 13 दिसंबर 1946 को संविधान सभा में "उद्देश्य प्रस्ताव" प्रस्तुत किया गया था, जिसमें स्वतंत्र भारत के संविधान के परिभाषित आदर्शों को रेखांकित किया गया था?

(A) बी. आर. अम्बेडकर
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) सरदार पटेल
(D) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

Q83 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत राष्ट्रपति को विशेष ज्ञान वाले व्यक्तियों को राज्यसभा हेतु नामित करने का अधिकार प्राप्त है।

(A) अनुच्छेद 80
(B) अनुच्छेद 85
(C) अनुच्छेद 87
(D) अनुच्छेद 89

Q84 सोमनाथ चटर्जी लोकसभा के __________ अध्यक्ष थे।

(A) आठवें
(B) बारहवें
(C) चौदहवें
(D) सोलहवें

Q85 __________ को मापने के लिए हाइग्रोमीटर का उपयोग किया जाता है।

(A) आर्द्रता के स्तर
(B) द्रवों के आपेक्षिक घनत्व
(C) दूध की शुद्धता
(D) द्रवों के क्वथनांक

Q86 निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा 'एकबीजपत्री' होता है?

(A) सरसों
(B) नींबू
(C) प्याज
(D) आलू

Q87 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में देश का पहला कार्बन डाइऑक्साइड मेज़रमेंट एक्सचेंज टॉवर स्थापित किया गया है?

(A) चंडीगढ़
(B) छत्तीसगढ़
(C) लद्दाख
(D) उत्तराखंड

Q88 कुछ महत्वपूर्ण पर्यावरणीय दिवस और उनके नाम नीचे दिए गए हैं। उनका मिलान करते हुए सही युग्म बनाएं:

पर्यावरणीय दिवस

1. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस
2. विश्व वन्यजीव दिवस
3. विश्व पशु कल्याण दिवस
4. विश्व ओजोन दिवस

दिनांक

A. 3 मार्च
B. 16 सितंबर
C. 28 फरवरी
D. 4 अक्टूबर

(A) 1-C, 2-A, 3-D, 4-B
(B) 1-D, 2-A, 3-B, 4-C
(C) 1-B, 2-D, 3-A, 4-C
(D) 1-A, 2-B, 3-D, 4-C

Q89 पट्टचित्र का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है, जो कपड़े की पट्टी पर की जाने वाली चित्रकारी की पारंपरिक शैली का प्राचीनतम और सबसे लोकप्रिय कला रूप है?

(A) राजस्थान
(B) ओडिशा
(C) नागालैंड
(D) सिक्किम

Q90 भारत का निम्नलिखित में से कौन सा राज्य, घूमर और गणगौर नृत्य रूपों से संबंधित है?

(A) राजस्थान
(B) गुजरात
(C) उत्तराखंड
(D) बिहार

Q91 चकरी, भारत के निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश का सबसे लोकप्रिय लोक संगीत है, जिसमें हारमोनियम, रबाब, सारंगी और नाउट आदि वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है?

(A) लक्षद्वीप
(B) पुदुचेरी
(C) जम्मू और कश्मीर
(D) चंडीगढ़

Q92 केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0' कार्यक्रम की शुरुआत की जो ________ को संपन्न हुआ।

(A) 02 अक्टूबर, 2021
(B) 12 अक्टूबर, 2021
(C) 20 अक्टूबर, 2021
(D) 22 अक्टूबर, 2021

Q93 मनिका बत्रा निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?

(A) क्रिकेट
(B) बैडमिंटन
(C) लान टेनिस
(D) टेबल टेनिस

Q94 1 अगस्त 2021 को, निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय टीम (पुरूष) ने फुटबॉल में 2021 कॉनकाकफ गोल्ड कप (Concacaf Gold Cup) के चैंपियन का खिताब जीता?

(A) स्पेन
(B) यूके
(C) यूएसए
(D) जर्मनी

Q95 ऑल-इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2017 का खिताब जीतने वाले 22 वर्षीय ली ज़ी जिया का संबंध निम्नलिखित में से किस देश से है?

(A) सिंगापुर
(B) मलेशिया
(C) चीन
(D) ताइवान

Q96 सितंबर 2021 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ______ महिलाओं के खिलाफ़ अपराध की दर 19 अन्य मेट्रो शहरों की तुलना में सबसे कम थी।

(A) गुजरात के दो शहरों में
(B) राजस्थान के दो शहरों में
(C) तमिलनाडु के दो शहरों में
(D) महाराष्ट्र के दो शहरों में

Q97 भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 342 के अनुसार, सदोष परिरोध के अपराध के लिए कारावास की अधिकतम अवधि क्या निर्धारित की गई है?

(A) 6 माह
(B) 1 वर्ष
(C) 2 वर्ष
(D) 3 वर्ष

Q98 घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 की निम्नलिखित में से कौन सी धारा निर्दिष्ट करती है कि 'यदि मजिस्ट्रेट ऐसा समझता है कि मामले की परिस्थितियों के कारण ऐसा आवश्यक है और यदि कार्यवाइयों का कोई पक्षकार ऐसी वांछा करे, तो वह इस अधिनियम के अधीन कार्यवाइयों को बंद कमरे में कैमरे के समक्ष संचालित कर सकेगा।'

(A) धारा 16
(B) धारा 11
(C) धारा 9
(D) धारा 18

Q99 भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्नलिखित में से कौन सी धारा विशेषज्ञों की राय से संबंधित है?

(A) धारा 31
(B) धारा 45
(C) धारा 56
(D) धारा 59

Q100 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा के तहत, किसी व्यक्ति की बदलती परिस्थितियों के सबूत पर, धारा 125 के तहत रखरखाव या अंतरिम भरण-पोषण के लिए मासिक भत्ता प्राप्त करने पर, मजिस्ट्रेट रखरखाव या अंतरिम रखरखाव के भत्ते में ऐसा परिवर्तन कर सकता है, जैसा वह ठीक समझता है?

(A) धारा 126

(B) धारा 127

(C) धारा 128

(D) धारा 129

Q101 सती (निवारण) अधिनियम, 1987 की धारा 3 के तहत, जो कोई भी सती कर्म करने का करने का प्रयास करेगा या सती कर्म से संबंधित कोई कार्य करेगा, उसे कारावास का दंड दिया जाएगा, जिसकी अवधि _______ तक हो सकती है, या उस पर अर्थदंड लगाया जाएगा, अथवा दोनों दंड दिए जाएंगे।

(A) सात वर्ष

(B) तीन वर्ष

(C) छह माह

(D) तीन माह

Q102 बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम (निषेध और विनियमन), 1986 के अंतर्गत किसे, काम के घंटों के दौरान या जब किसी प्रतिष्ठान में काम किया जा रहा हो जिसमें किशोर कार्यरत हों, एक रजिस्टर को नियमित तौर पर अद्यतन रखना होता है, जिसे एक निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए हर समय उपलब्ध होना चाहिए?

(A) ठेकेदार को

(B) किशोरों के संघ को

(C) राज्य सरकार को

(D) श्रमिक संघ को

Q103 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के अनुसार, अठारह वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति, जो जान-बूझकर, पूर्ण या आंशिक रूप से, किसी अन्य व्यक्ति की वेश्यावृत्ति की कमाई पर जीवनयापन करता है, उसे __________ वर्ष तक के कारावास की सजा दी जा सकती है।

(A) एक वर्ष

(B) दो वर्ष

(C) तीन वर्ष

(D) पाँच वर्ष

Q104 कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की धारा 9 के अनुसार, कोई पीड़ित महिला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत घटना की तारीख से _________ की अवधि के भीतर लिखित रूप में आंतरिक समिति को कर सकती है, यदि यह गठित हो, और यदि ऐसी किसी समिति का गठन न किया गया हो, तो स्थानीय समिति के पास शिकायत कर सकती है।

(A) तीन माह

(B) पाँच माह

(C) छह माह

(D) एक माह

Q105 दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा 8B के अनुसार, राज्य सरकार _________ दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त कर सकती है और उन क्षेत्रों को निर्दिष्ट कर सकती है जिनके संबंध में वे इस अधिनियम के अंतर्गत अपने अधिकार क्षेत्र और अधिकारों का प्रयोग करेंगे।

(A) कितने भी (जितने वह ठीक समझे)

(B) पाँच

(C) सात

(D) नौ

Q106 लोकप्रिय मान्यता वैदिक स्तुतियों में 'ब्रह्मावर्त' की भूमि के रूप में संदर्भित क्षेत्र के एक हिस्से को वर्तमान में राजस्थान के ______ भाग से जोड़ती है।

(A) उत्तरी

(B) दक्षिणी

(C) पूर्वी

(D) पश्चिमी

Q107 इन दिनों जोधपुर के संग्रहालय में रखे उत्तर गुप्त काल से संबंधित लाल बलुआ पत्थर में आदमकद 'स्थानक' (खड़े) विष्णु _______ में मिले थे।

(A) भीनमाल

(B) मंडोर

(C) पाली

(D) बीकानेर

Q108 राजस्थान के प्राचीन शहर शाकंभरी (अब सांभर) को सातवीं शताब्दी में ___________ नामक चौहान राजा ने बसाया था।

(A) वासुदेव

(B) सामंतदेव

(C) सोमेश्वर

(D) विग्रहराज

Q109 मंडोर के प्रतिहार शासकों में निम्नलिखित में से कौन व्याकरण, तर्कशास्त्र, ज्योतिष, कला और काव्य रचना में कुशल थे और उन्हें, प्रत्यक्ष रूप से, एक से अधिक भाषाओं में प्रतिष्ठित कवि के रूप में स्वीकार किया गया था?

(A) झोता
(B) भीलादित्य
(C) कक्का
(D) बाउका

Q110 कोफ्तगिरी, राजस्थान का पारंपरिक शिल्प, एक प्रकार की सजावट है जिसकी उत्पत्ति भारत में _______ के साथ हुई है।

(A) गुप्तों
(B) मराठों
(C) मुग़लों
(D) सिंधियाओं

Q111 निम्नलिखित में से कौन शाही प्रतिहार सम्राट महेंद्रपाल प्रथम का गुरु था?

(A) चंद्रप्रभ
(B) धनपाल
(C) राजशेखर
(D) फिरदौसी

Q112 रणथंभौर के निम्नलिखित में से किस चौहान नरेश के सेनापति ने झाईं के निकट जलालुद्दीन खिलजी को हराया था?

(A) हम्मीर
(B) जैत सिंह
(C) वीर नारायण
(D) वाग्भट

Q113 1947 में स्वतंत्रता और भारत के विभाजन के समय, राजपूताना की रियासतों के अधिकांश क्षेत्र समस्या-मुक्त रहे, लेकिन निम्नलिखित में से किस राज्य में व्यापक स्तर पर हिंसा हुई?

(A) उदयपुर
(B) भरतपुर
(C) जोधपुर
(D) बीकानेर

Q114 दलितों और उपेक्षित समूहों से सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए, जयपुर राज्य की विधान सभा ने _____ में 'जयपुर हरिजन (अक्षमता निवारण) विधेयक, 1947' पारित किया था।

(A) मार्च, 1946
(B) जनवरी, 1947
(C) अगस्त, 1947
(D) जनवरी, 1950

Q115 1945-46 में अखिल भारतीय राज्य जनता सम्मेलन (AISPC) किस स्थान पर आयोजित किया गया था जिसमें यह कहा गया था कि केवल उन राज्यों या राज्यों के समूहों को जिनकी न्यूनतम जनसंख्या पचास लाख और राजस्व तीन करोड़ रुपए या अधिक का है, को ही स्वतंत्र और संघीय भारत में स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिया जाना चाहिए?

(A) उदयपुर
(B) जयपुर
(C) बीकानेर
(D) जोधपुर

Q116 अरावली पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी 'गुरु शिखर' राजस्थान में _______ के पास स्थित है।

(A) बीकानेर
(B) जोधपुर
(C) पाली
(D) माउंट आबू

Q117 बेराच, कोठारी और खारी निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?

(A) घग्गर
(B) बनास
(C) लूनी
(D) ब्यास

Q118 राजस्थान में अरावली पर्वत श्रृंखला किस दिशा में फैली है?

(A) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व
(B) उत्तर से दक्षिण
(C) पूर्व से पश्चिम
(D) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम

Q119 भारत में, राजस्थान निम्नलिखित में से किस खनिज का एकमात्र उत्पादक है?

(A) यूरेनियम
(B) क्वार्ट्ज
(C) वोलस्टोनाइट
(D) मैग्नेटाइट

Q120 राजस्थान में पाई जाने वाली निम्नलिखित प्रजातियों में से कौन सी प्रजाति IUCN लाल सूची और राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (2002-2016) में गंभीर रूप से विलुप्तप्रायः प्रजातियों में से एक है?

(A) चिंकारा
(B) कृष्णमृग
(C) महान भारतीय सारंग (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड)
(D) महान भारतीय महाश्येन (ग्रेट इंडियन स्पॉटेड ईगल)

Q121 राजस्थान के पशुधन की थरपारकर नस्ल _______ से जुड़ी है।

(A) घोड़ा
(B) ऊँट
(C) बकरी
(D) गाय

Q122 राजस्थान के निम्नलिखित में से किन दो जिलों में तालाबों से सिंचाई का क्षेत्रफल सबसे अधिक है?

(A) अलवर और जयपुर
(B) भरतपुर और पाली
(C) सवाई माधोपुर और जयपुर
(D) उदयपुर और टोंक

Q123 राजस्थान के प्रमुख रासायनिक औद्योगिक परिसरों में से एक निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?

(A) बीकानेर
(B) कोटा
(C) जालौर
(D) बाड़मेर

Q124 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में लिंगानुपात कितना था (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या)?

(A) 888
(B) 914
(C) 928
(D) 921

Q125 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के किस जिले में जनसंख्या की वृद्धि दर सबसे अधिक थी?

(A) बाड़मेर
(B) बीकानेर
(C) जैसलमेर
(D) जोधपुर

Q126 राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से किसका जनसंख्या घनत्व न्यूनतम है?

(A) श्री गंगानगर
(B) पाली
(C) चुरू
(D) जालौर

Q127 वर्ष 2020-21 के प्रारंभिक पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान में कुल अपेक्षित खाद्यान्न उत्पादन कितना था?

(A) लगभग 200 लाख टन
(B) लगभग 220 लाख टन
(C) लगभग 270 लाख टन
(D) लगभग 300 लाख टन

Q128 वर्ष 2020-21 के लिए राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय (अग्रिम अनुमान) में, स्थिर (2011-12) मूल्यों पर पिछले वर्ष की तुलना में कितने प्रतिशत तक गिरावट दर्ज होने की संभावना है?

(A) 5.77
(B) 7.77
(C) 9.80
(D) 11.50

Q129 2020-21 की स्थिति के अनुसार, भारत में कच्चे तेल के कुल उत्पादन में राजस्थान का देश में कौन सा स्थान है?

(A) प्रथम
(B) दूसरा
(C) तीसरा
(D) चौथा

Q130 राजस्थान में सड़क घनत्व (कुल क्षेत्रफल के प्रति 100 $KM^2$ में सड़क KM) क्या है?

(A) 50.5
(B) 65.78
(C) 78.61
(D) 152.04

Q131 राजस्थान में 'बस्ता मुक्त दिवस (नो बैग डे)' पहल निम्नलिखित में से किस क्षेत्र/योजना से संबंधित है?

(A) शिक्षा
(B) स्वास्थ्य
(C) सार्वजनिक वितरण प्रणाली
(D) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा)

Q132 केंद्र सरकार के गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत प्रवासी मजदूरों को रोजगार और स्वच्छता की सुविधा प्रदान करने के लिए, राजस्थान राज्य ने सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया और इसके लिए, जल शक्ति मंत्रालय ने इस योजना में निम्नलिखित में से कौन सा स्थान प्राप्त करने के लिए राज्य को सम्मानित किया?

(A) प्रथम
(B) दूसरा
(C) तीसरा
(D) चौथा

Q133 राजस्थान में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम (MLALAD) के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) की बस्तियों के विकास के लिए कुल वार्षिक आवंटित राशि के कम से कम कितने प्रतिशत की अनुशंसा की जानी चाहिए?

(A) 10
(B) 20
(C) 30
(D) 40

Q134 राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी ______ में स्थित है।

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) अलवर

Q135 1929 में बनस्थली गाँव में राजस्थान राज्य के पहले मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री ने ग्रामीण पुनर्निर्माण के कार्यक्रम को लागू करने के लिए समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओं के समूह को प्रशिक्षित करने हेतु निम्नलिखित में से किसकी स्थापना की थी?

(A) ग्राम कुटीर
(B) जीवन कुटीर
(C) जीवन आश्रम
(D) गांधी आश्रम

Q136 आजादी के बाद रियासतों के एकीकरण से एक नया राज्य राजस्थान बना। नव निर्मित राज्य में विभिन्न स्थानों पर पाँच उच्च न्यायालय कार्यरत थे। निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उनमें से एक नहीं है?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) कोटा
(D) बीकानेर

Q137 राजस्थान सूचना आयोग (RIC) का गठन किस वर्ष किया गया था?

(A) 2005
(B) 2006
(C) 2007
(D) 2008

Q138 राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के पास ______ की अध्यक्षता में अपनी स्वयं की एक जांच एजेंसी का प्रावधान है।

(A) एक पुलिस अधिकारी जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे का न हो
(B) एक पुलिस अधिकारी जो पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे का न हो
(C) एक पुलिस अधिकारी जो उप महानिरीक्षक के पद से नीचे का न हो
(D) एक पुलिस अधिकारी जो महानिरीक्षक के पद से नीचे का न हो

Q139 करणी माता मंदिर जो बीकानेर के बहुत करीब स्थित है, देवी ______ को समर्पित है।

(A) काली
(B) सरस्वती
(C) दुर्गा
(D) लक्ष्मी

Q140 निम्नलिखित में से कौन सा डूंगरपुर के 'एक थंबिया महल' को चारों ओर से घेरने वाले चार महलों में से एक नहीं है?

(A) विजय निवास
(B) उदय बिलास
(C) हुकुम निवास
(D) खुमान निवास

Q141 अजमेर शरीफ दरगाह में बुलंद दरवाजा निम्नलिखित में से किसने बनवाया था?

(A) हैदराबाद डेक्कन के मीर उस्मान अली खान
(B) महमूद सुल्तान महमूद खिलजी
(C) नवाब बशीर-उद-दौला सर अस्मान जाह
(D) राजकुमारी जहां आरा बेगम

Q142 राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन सा किला राठौर राजपूत राजा राव जोधा द्वारा बनवाया गया था?

(A) मेहरानगढ़

(B) अंबर

(C) जयगढ़

(D) कुम्भलगढ़

Q143 लघु चित्रकारी (Miniature painting) की कला को भारत भूमि पर सर्वप्रथम ______ द्वारा पेश किया गया था।

(A) तुग़लक़ों

(B) मुग़लों

(C) राजपूतों

(D) अरबों

Q144 टेराकोटा से मन्नत मूर्तियाँ या देवताओं की मूर्तियाँ बनाने की मोलेला कला में, मिट्टी को मजबूत करने और उसे कड़ा बनाने के लिए उसमें निम्न में से कौन सी सामग्री मिलाई जाती है?

(A) चावल की भूसी और ऊँट का गोबर

(B) चावल की भूसी और गधे का गोबर

(C) गेहूं की भूसी और ऊँट का गोबर

(D) मक्के की भूसी और ऊँट का गोबर

Q145 भाँड, ढोली और मंगनियार राजस्थान के ______ हैं।

(A) पारंपरिक लोक संगीतकार

(B) लोक कला

(C) धार्मिक समूह

(D) खिलाड़ी

Q146 निम्नलिखित लोक नृत्यों में से किस एक में महिलाएं पीतल की प्लेट या ग्लास के किनारों पर अपने पैरों को संतुलित करते हुए और अपने सिर पर आठ से नौ पीतल के घड़े या मिट्टी के बर्तन साधते हुए घूम-घूम कर चक्कर लगाते हुए नृत्य करती हैं?

(A) भवाई

(B) गेर

(C) घूमर

(D) चारी

Q147 'मिर्ची बाजार' राजस्थान के निम्नलिखित मेलों में से किसका एक प्रमुख आकर्षण है?

(A) पुष्कर मेला

(B) चंद्रभागा मेला

(C) रेगिस्तानी मेला

(D) नागौर मेला

Q148 'फड़' एक प्रकार की स्क्रॉल चित्रकारी है, जो स्थानीय देवताओं और भगवानों की विस्तृत धार्मिक कहानियों का वर्णन करती है। 'फड़' पर पहला डाक टिकट भारत सरकार द्वारा 1992 में जारी किया गया था और यह राजस्थान के निम्नलिखित में से किस स्थानीय देवी-देवता से संबंधित है?

(A) पाबूजी

(B) रामदेवजी

(C) देवनारायणजी

(D) तेजाजी

Q149 हिंदी बोलने वालों की संख्या की दृष्टि से राजस्थान देश में ________ स्थान पर है, जो इस रेगिस्तानी राज्य को हिंदी पट्टी का 'हृदय' बनाता है।

(A) दूसरे

(B) तीसरे

(C) चौथे

(D) पांचवें

Q150 सूर्यमल्ल मिश्रण (मीसण), जो राजस्थान की एक रियासत के 19वीं सदी के दरबारी कवि थे, उन्होंने एक उत्कृष्ट कृति 'वंश भास्कर' लिखी, जिसका मुख्य विषय ______ वंश का इतिहास है।

(A) परमार

(B) हाड़ा चौहान

(C) सोलंकी

(D) प्रतिहार

# रफ कार्य

GRAWAL
MCART BL

# रफ कार्य

GRAWAL
MCART BL